RAF SECTOR
NEWS CLIP
22/05/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Varanasi, (UP)

महुली में पैदल मार्च करती पुलिस टीम व आरएएफ • जागरण

महुली में आरएएफ व पुलिस जवानों ने किया पैदल मार्च

- शांति व्यवस्था बनाएं रखने की पुलिस ने लोगों से की अपील
- भ्रमण में रैपिड एक्शन फोर्स 91 बटालियन के जवान हुए शामिल

जागरण संवाददाता, महुली, संतकबीर नगर : महुली थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस कर्मियों ने पैदल भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। हर परिस्थिति से निपटने का एहसास कराते हुए शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 91 बटालियन बी कंपनी के जवानों ने क्षेत्र में भ्रमण किया। सहायक कमांडेंट विनोद कुमार राव, अशरफ अली, अभिषेक कुमार, शहरुम खान ने पुलिस कर्मियों के साथ महुली कस्बा, हरिहरपुर, नाथनगर मुखलिसपुर, शनिचरा बाबू, मोलानापुर, गिठनी मैनसिर, काली जगदीशपुर, भग्गोभार में भ्रमण कर जनता में कानून का भरोसा दिलाया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि हम सब 24 घंटे आपकी सेवा में हाजिर हैं। कहीं से कोई भी परेशानी हो जनता बेझिझक संपर्क करें।

Dainik Lok Mitra, Prayagraj, (UP)

आर ए एफ में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया

फाफामऊ। देश में कमांडेंट प्रति वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि के रूप में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने जवानों व अधिकारियों को आतंकवाद से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए भाईचारा के साथ रहने के प्रति जागरूक किया और साथ ही आतंकवाद से डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के पास एकजुट होकर आतंक विरोधी सहयोग और समन्वय के महत्व को प्रतिबिंबित करने का अवसर है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को हिंसा व आतंकवाद की राह से विमुख करना है। अंत में कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम ने सभी अधिकारियों व जवानों को आतंकवाद व हिंसा के खिलाफ शपथ दिलाया। इस अवसर पर प्रेम जीत कुमार (दि 0कमा0 अधि 0), नरेन्द्र कुमार (दि 0कमा0

अधि 0), बृजेश कुमार दुबे (उप कमांडेंट), विनोद कुमार (उप कमांडेंट), प्रदीप कुमार पाठक (उप कमांडेंट), टी 0 एन 0 सिंह (उप कमांडेंट), प्रदीप कुमार(उप कमांडेंट), तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।